**Respected Speaker Sir,**

1. With your permission, I rise to present the first and final batch of the Supplementary Demands for the year 2014-2015.

2. These Supplementary Demands for Grants aggregate to ₹ 7753 crore 60 lakh. Out of this, ₹ 6078 Crore 39 lakh is under Non- Plan Schemes, ₹ 269 crore 76 lakh under the Plan and ₹ 1405 Crore 45 lakh under the Centrally Sponsored Schemes.

3. Under the Non-Plan Expenditure, a sum of ₹ 5782 Crore 01 lakh for Ways and Means Advance from Reserve Bank of India, ₹ 63 Crore 92 lakh for Police and its allied organization, ₹ 55 Crore 12 lakh for Subsidy on Interest to H.P.S.E.B., ₹ 28 Crore 75 lakh for Social Security Pension, ₹ 18 Crore 52 lakh for 2014 Lok Sabh Elections and printing of electoral rolls,

photo identity cards to voters as well as to clear the liability of elections, ₹ 18 Crore 04 lakh for Rural Development under 13th Finance Commission Grant and State Finance Commission Award, ₹ 13 Crore 09 lakh for General Education and ₹ 12 Crore 87 lakh has been kept for Natural Calamities.

4. Major expenditure proposed under the Plan Schemes are: ₹ 51 Crore 63 lakh for Water Supply and Irrigation scheme, ₹ 47 Crore 62 lakh for Investment of State share in Hydro Power Projects, ₹ 32 Crore 99 lakh for GIA to H.R.T.C. and Construction of Bus Stand, ₹ 29 Crore 03 lakh under Scheduled Caste Sub-Plan for execution of developmental works in various Departments, ₹ 24 Crore 50 lakh for maintenance and construction of Road and Bridges, ₹ 21 Crore 70 lakh

for GIA to H.P.University, Sarav Shiksha Abhiyaan and Rashtriya Uchhater Shiksha Abhiyaan has been kept.

5. Under different Centrally Sponsored Schemes, most of it is for funding on going or new schemes for which money has been received during the year from the Government of India. Prominent among this are ₹ 355 Crore 43 lakh for MGNREGA, ₹ 159 Crore 07 lakh for Channelisation of Swan River, ₹ 146 Crore 92 lakh for National Rural Health Mission, ₹ 117 Crore 55 lakh for Sarav Shiksha Abhiyaan, ₹ 89 Crore 12 lakh for National Rural Drinking Water Programme, ₹ 84 Crore 40 lakh for PMGSY, ₹ 42 Crore 35 lakh for Integrated Child Development Services are proposed.

6. Speaker Sir, I have given a broad outline of some of the important Supplementaries. Complete

details are given in the document presented in this august House.

7. With these words, I request this august House to pass these Supplementary Demands for Grants.

**"Jai Hind".**

**"Jai Himachal"**

**आदरणीय अध्यक्ष महोदय,**

1. आपकी अनुमति से मैं, वर्ष 2014–15 के लिये अनुपूरक अनुदान मांगों की प्रथम तथा अन्तिम किश्त प्रस्तुत कर रहा हूँ।

2. यह अनुपूरक अनुदान मांगें कुल ₹ 7753 करोड़ 60 लाख की हैं, जिनमें से ₹ 6078 करोड़ 39 लाख गैर योजना स्कीमों, ₹ 269 करोड़ 76 लाख रूपये योजना तथा ₹ 1405 करोड़ 45 लाख केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों हेतु प्रावधित किये गये हैं।

3 गैर योजना व्यय में, ₹ 5782 करोड़ 01 लाख राज्य सरकार के अर्थोपाय एवं अग्रिमं के भुगतान, ₹ 63 करोड़ 92 लाख पुलिस व इससे सम्बद्ध संगठन , ₹ 55 करोड़ 12 लाख हिमाचल राज्य बिजली बोर्ड को ऋणों पर उपदान , ₹ 28 करोड़ 75 लाख सामाजिक सुरक्षा पैंशन, ₹ 18 करोड़ 52 लाख 2014 के लोक सभा चुनाव के लिए मतदाता सूचियों के नवीनीकरण व लम्बित दायित्व के लिए, ₹ 18 करोड़ 04 लाख ग्रामीण विकास के लिए 13वें वित्तायोग व राज्य वित्तायोग के अन्तर्गत, ₹ 13 करोड़ 09 लाख सामान्य शिक्षा और ₹ 12 करोड़ 87 लाख प्राकृतिक आपदाओं के लिए प्रावधित किए गए हैं

4. योजना स्कीमों के अर्न्तगत मुख्य व्यय : ₹ 51 करोड़ 63 लाख पेयजल और सिंचाई योजनाओं के लिए, ₹ 47 करोड़ 62 लाख राज्य हिस्से के रूप में हाइड्रो पावर परियोजनाआ में निवेश हेतु, ₹ 32 करोड़ 99 लाख राज्य परिवहन निगम को सहायता अनुदान और बस स्टैंड के निर्माण, ₹ 29 करोड़ 03 लाख अनुसूचित जाति उपयोजना के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यो, ₹ 24 करोड़ 50 लाख सडकों और पुलों के रखरखाव और निर्माण कार्यों और ₹ 21 करोड़ 70 लाख हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, सर्व शिक्षा अभियान आदि के लिए प्रावधित किए गए हैं ।

5 केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के अन्तर्गत, इसमें से अधिकतर राशि चालू व नई विकास योजनाओं, जिनके लिये केन्द्र सरकार से इस वर्ष के दौरान धन राशि प्राप्त हुई, के लिये प्रस्तावित हैं। इनमें से विशेषतयः ₹ 355 करोड़ 43 लाख मनरेगा, ₹ 159 करोड़ 07 लाख स्वां नदी के तटयीकरण, ₹ 146 करोड़ 92 लाख राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, ₹ 117 करोड़ 55 लाख सर्व शिक्षा अभियान, ₹ 89 करोड़ 12 लाख राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, ₹ 84 करोड़ 40 लाख पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0 और ₹ 42 करोड़ 35 लाख एकीकृत बाल विकास सेवाओं के लिए प्रस्तावित हैं ।

6 माननीय अध्यक्ष महोदय, मैंने कुछ महत्वपूर्ण अनुपूरक अनुदान मांगो की रूप रेखा प्रस्तुत की है। मांगो का पूरा विवरण माननीय सदन के सम्मुख प्रस्तुत दस्तावेजों में दर्शाया गया है।

7 इन शब्दों के साथ मैं माननीय सदन से इन अनुपूरक अनुदान मांगो को पारित करने की सिफारिश करता हूं।

**“जय हिन्द”**

**“जय हिमाचल”**

# Government of Himachal Pradesh
# Finance-A-Section

## No.Fin.A.C.(6)1/2014

The Supplementary Demand for Grants for the year 2014-2015 has been approved by the Council of Ministers in its meeting held on 28-02-2015 .

According to tentative calendar of Vidhan Sabha these demands are to be presented in the Vidhan Sabha on 11-03-2015 These demands will be presented by the Hon'ble Chief Minister with his Speech which has been prepared , both in English and Hindi and is placed below at Flag "A" for perusal and approval of authorities please.